डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

# सीआईएससीई के परीक्षा परिणाम में छाईं बालिकाएं

**आईएससी** पहले स्थान पर तीन छात्राएं, शीर्ष 5 में सिर्फ एक छात्र, वह भी दूसरे स्थान पर

**आईसीएसई** छात्रों का रहा दबदबा, शीर्ष 6 में दो बालिकाओं ने बनाया स्थान, टॉप पर रहे चन्द्रांश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सीआईएससीई की ओर से सोमवार को आईसीएसई 10वीं और आईएससी 12वीं के नतीजे घोषित दिए गए। आईएससी में 99.75 प्रतिशत अंक लेकर कनिष्का मित्तल, अर्चिता सिंह, शारिया खान पहले स्थान पर आई हैं। आईसीएसई में चन्द्रांश राय 99.80 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर हैं।

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएसई) के घोषित परिणाम में 99.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर 12वीं में अनवी श्रीवास्तव और शौर्य वर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह 10वीं में 99.60 अंक लेकर काव्या विष्ट, भार्गवी सिंह, चिन्मय कृष्णा, इशांत अग्रवाल, मोहम्मद अयान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। ये मेधावी सिटी मॉटेसरी स्कूल के छात्र हैं।

इसी स्कूल के कनिष्का मित्तल, अर्चिता सिंह, सरिया खान, अन्वी श्रीवास्तव, शौर्य वर्मा, अभिनव रघुवंशी, प्रांजल कुमार गुप्ता, सौम्या शुक्ला, शगुन सिंह, तान्या वर्मा, अग्रिम देव शर्मा, अक्षत अवस्थी, प्रज्ञा दीक्षित, आनन्दिता त्रिपाठी, अबीहा आदिल, अपूर्वा सिंह एवं उत्कर्ष कनौजिया ने आईएससी कक्षा में 99 से 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित किए हैं। आईसीएसई 10वीं में आर्या द्विवेदी, अर्जुन कृष्णा, उत्कर्ष सिंह, अमृत पाण्डेय, कृति श्रीवास्तसव, आर्ना वाजपेयी, अनुरुद्ध शर्मा समेत 57 मेधावियों ने 99 प्रतिशत या उससे से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।



गोमती नगर विस्तार स्थित सीएमएस में आईसीएसई एवं आईएससी की परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने के बाद खुशी मनाते बच्चे। अमृत विचार

## 10वीं के मेधावी

### आईएएस बनना चाहते हैं चन्द्रांश राय

महानगर क्षेत्र के चन्द्रांश राय ने 99.80 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं की परीक्षा पास की है। उनके पिता सुमन कुमार राय विद्यांत पीजी कॉलेज में लेक्चरर हैं। चन्द्रांश आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा से वह बहुत प्रभावित हैं। आईएएस बनने के लिए तोड़ मेहनत करेंगे। पापा की भी यही इच्छा है। चन्द्रांश ने कहा कि जितनी देर पढ़ाई करें, मन से करें, मन न लगे किताबें बंद कर दें। जब मन करे तो फिर पढ़िए। कोचिंग से ज्यादा विद्यालय पर फोकस करें। कभी दूसरों को देखकर कोचिंग के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए।

**99.80 प्रतिशत**



परिजनों के साथ चंद्रांश राय। अमृत विचार

### काव्या बनना चाहती हैं साफ्टवेयर इंजीनियर

काव्या विष्ट ने 10वीं की परीक्षा 99.60 प्रतिशत अंकों के साथ पास की है। उन्होंने कहा कि बेहतर करियर के लिए पढ़ाई में तेज होना जरूरी है। इसमें हमें रेगुलर समय देना होगा। काव्या ने कहा कि साफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं। पिता सुशील सिंह निजी कंपनी में एरिया मैनेजर और मां गीता विष्ट गृहिणी हैं। काव्या ने आगामी सत्र में परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए कहा कि पढ़ाई को लेकर तनाव न लें। तनाव में किसी छात्र के सुसाइड करने पर बहुत दुख होता है।

**99.60 प्रतिशत**



सीएमएस छात्रा काव्या बिष्ट अपनी टीचर के साथ।

### डीएसपी की बेटी भार्गवी बनेंगी आईएएस

गोमती नगर क्षेत्र की भार्गवी सिंह ने 99.60 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं की परीक्षा पास की है। उनके पिता यूपी पुलिस में डीएसपी हैं, उनकी तैनाती रामपुर में है। उनकी मां मीरा सिंह गृहिणी हैं। भार्गवी ने कहा कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करेंगी। उन्होंने कहा कि स्कूल के बाद घर पर 4 से 5 घंटा नियमित पढ़ई करती थी। भार्गवी ने अगले सत्र में 10वीं परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों के लिए कहा कि नियमित पढ़ाई करने से ही परिणाम बेहतर आते हैं। मन में परिणाम आने से पहले चिंता न करें।

**99.60 प्रतिशत**



मां के साथ भार्गवी। अमृत विचार

### संस्कृति चंदेल की तमन्ना आईएएस बनना

10वीं में 99 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त करने वाली संस्कृति चंदेल के पिता सिद्दार्थ चंदेल और मां निशी चंदेल डॉक्टर हैं। संस्कृति आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। संस्कृति ने बताया कि वह स्कूल के बाद घर पर नियमित 4 से 5 घंटे पढ़ाई करती थीं। संस्कृति ने आनलाइन शिक्षा व्यवस्था से आफलाइन शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर इंटरनेट का जरूरत पर इस्तेमाल हो, इसके बेवजह इस्तेमाल करने से छात्रों को बचना चाहिए।

**99 प्रतिशत**



संस्कृति चंदेल मां के साथ। अमृत विचार

### उत्कर्ष सिंह बनेंगे कंप्यूटर सांइस इंजीनियर

गोमती नगर क्षेत्र निवासी उत्कर्ष सिंह ने 10वीं में 99.40 प्रतिशत अंक के साथ सफलता प्राप्त की है। वह कप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर सिक्योरिटी भी एक बड़ी चुनौती है। वह इसी क्षेत्र में अपना करियर बनायेंगे। उत्कर्ष ने बताया कि स्कूल के बाद घर पर तीन से चार घंटे नियमित पढ़ाई करते हैं। आगामी सत्र में परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए कहा कि पास होने के लिए कठोर संकल्प होना आवश्यक है। इसी से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मोबाइल व इंटरनेट के दौर में पढ़ाई के अच्छे विकल्प हैं, इनका अच्छा इस्तेमाल करना चाहिए।

**99.40 प्रतिशत**



उत्कर्ष सिंह अपने भाई के साथ। अमृत विचार

### वकील बनाकर देश सेवा करेंगी तृषा वर्मा

10वीं की 99 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल करने वाली त्रिषा वर्मा ने कहा कि वह वकील बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि जब तक देश रहेगा तब तक अच्छे वकीलों की बहुत जरूरत होगी। तृषा ने कहा कि आज तक पढ़ाई का तनाव नहीं लिया। स्कूल टाइम के बाद घर पर पढ़ने का मन होने पर पढ़ती थी। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो भी पढ़ाया जाए, उसका घर में रिवीजन बहुत जरूरी होता है।

**99 प्रतिशत**



मां के साथ तृषा वर्मा। अमृत विचार



रिद्धि सिद्धि

### 12वीं में जुड़वा बहनों ने फहराया परचम

अमृत विचार, लखनऊ : आईएससी 12वीं के परिणाम में स्टेला मैरिस इन्टर कॉलेज में पढ़ने वाली जुड़वा बहनों रिद्धि-सिद्धि ने कीर्तिमान बनाते हुए लखनऊ का नाम रोशन किया है। रिद्धि छाबड़ा ने 99 प्रतिशत और सिद्धि छाबड़ा ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

## 12वीं के मेधावी

### बिजनेस मैन की बेटी कनिष्का बनेंगी वकील



कनिष्का मित्तल

**99.75 प्रतिशत**

कानुपर रोड निवासी कनिष्का मित्तल ने आईएससी 12वीं में 99.75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनके पिता अनुज मित्तल बिजनेसमैन और मां प्रीती मित्तल गृहणी हैं। अमृत विचार से बातचीत में कनिष्का ने कहा कि वह वकील बनकर लोगों की कानूनी मदद करना चाहती हैं। कनिष्का ने बताया स्कूल के अलावा घर में तीन से चार घंटे पढ़ती थी। उन्होंने सफलता का श्रेय मां और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। अगले साल परीक्षा में शामिल होने वाले साथियों के लिए कहा कि जो स्कूल में पढ़ाया जाए उस पर फोकस करें और परीक्षा के समय तनाव बिल्कुल न लें।

### इंजीनियरिंग या सिविल की तैयारी करेंगी अर्चिता



अर्चिता सिंह

**99.75 प्रतिशत**

महानगर क्षेत्र निवासी अर्चिता सिंह ने 99.75 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं में सफलता प्राप्त की है। उनकी मां स्मिता सिंह बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय में शिक्षिका और पिता अर्जुन सिंह साइंटिस्ट हैं। अर्चिता सिंह ने कहा कि उन्होंने करियर के रूप में दो विकल्प सोचे हैं। पहला इलेक्ट्रिकल इंजीनियर बनना और दूसरा आईएएस की तैयारी करना। उन्होंने कहा हमेशा करियर में दो विकल्प रखने चाहिए। अर्चिता ने बिना कोचिंग के सफलता हासिल की है। वह स्कूल के बाद घर में 5 से 6 घंटा पढ़ाई करती थीं। अर्चिता ने बताया कि सफलता में मां और स्कूल में शिक्षकों का योगदान है।



माता-पिता के साथ सारिया खान। अमृत विचार

### डॉ बनना चाहती हैं सारिया खान

महानगर क्षेत्र की सारिया खान ने 99.75 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं में सफलता प्राप्त की है। उनके पिता रईस अहमद लखनऊ में वकील और मां रेहाना खातून गृहिणी हैं। सारिया ने कहा कि वह डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। सारिया का कहना है कि हर परिवार में किसी न किसी को डॉक्टर होना चाहिए। देश को अच्छे डॉक्टरों की बहुत जरूरत है। पिता का भी सपना है कि मैं डॉक्टर बनूं। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र में शामिल होने वाले बच्चों को स्कूल की पढ़ाई पर ज्यादा फोकस करने और मोबाइल पर कम ध्यान देने की सलाह दी है।

**99.75 प्रतिशत**



सीआईएससीई की परीक्षा में सफल रद हैमिल्टन के विद्यार्थी। अमृत विचार

### द हैमिल्टन एकेडमी के बच्चों ने भी रोशन किया नाम

लखनऊ : द हैमिल्टन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल गोकुल ग्राम आवास विकास योजना पारा हाई स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने भी नाम रोशन रोशन किया। टिंकल केसवानी 95% अंक प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि 5 से 6 घंटे बड़ी मेहनत करके मुकाम हासिल किया। सफलता में अध्यापक के साथ माता-पिता का बड़ा योगदान रहा। अर्पित यादव 91% श्रुति यादव 87% आदित्य राज 85% अंक प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक प्रधानाचार्य सभी बच्चों को फूल माला पहन कर सम्मानित किया है।



आईसीएससीई की परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद प्रफुल्लित सेंट जोसेफ के विद्यार्थी। अमृत विचार

### आरएलबी के 10वीं में वैभव व 12वीं में आदर्श रहे आगे

लखनऊ : रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल सेक्टर 6 विकास नगर के बच्चों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। 12वीं में आदर्श दुबे 94.75 प्रतिशत और शुभ सोनी ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए। मोहित 91.25 और यश गुप्ता 90.25 प्रतिशत प्राप्त किए हैं। हाईस्कूल में वैभव कश्यप ने 97.40 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। आदित्य कुमार शर्मा ने 96.40 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। आर्यन द्विवेदी और प्रथम गुप्ता ने 94.40 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।



खुशियां मनाते आरएलबी स्कूल के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### सेंट जोसेफ में 10वीं में प्रखर, इमदाद, 12वीं में आर्यन रहे आगे

लखनऊ : आईसीएसई और आईएससी परीक्षा परिणाम में सेंट जोसेफ कालेज समूह के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। आईसीएसई में सीतापुर रोड शाखा के प्रखर सिंह और इमदाद खान ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समूह में संयुक्त टॉपर बने। राजाजीपुरम् शाखा के आर्यन पटेल 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे। 12वीं में सीतापुर रोड शाखा के आर्यन सिंह 97.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समूह के टॉपर रहे। शुभ श्रीवास्तव 97.00 प्रतिशत के साथ दूसरे व 96.75 प्रतिशत के साथ अनितेश कुमार विद्यालय में तीसरे स्थान पर रहे। परीक्षा परिणाम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। सेंट जोसेफ समूह की संस्थापक पुष्पलता अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा शिक्षक-क्षिक्षिकाओं को सफलता पर बधाई दी।

### लोरेटो की सृष्टि और मान्या ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

**लखनऊ :** लोरेटो कान्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा सृष्टि ने 96.5 प्रतिशत अंक हासिल किए। हाईस्कूल में मान्या ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया। सृष्टि सिंह ने इतिहास व पॉलिटिकल साइंस में 98 फीसदी नंबर प्राप्त किए। माउंट कॉर्मल कॉलेज लखनऊ की छात्रा मान्या सिंह ने कंप्यूटर में 97 व अंग्रेजी-हिंदी में 96-96 फीसदी अंक प्राप्त कर परिवार का गौरव बढ़ाया।



सृष्टि



मान्या



**पलक द्विवेदी**
97 प्रतिशत
सेंट टेरेसा कॉलेज
आशियाना, लखनऊ



**दिव्यांशी जायसवाल**
94.6 प्रतिशत
10वीं
मॉडर्न अकादमी



**सौम्या मिश्रा**
92 प्रतिशत
12वीं
सीएमएस



**सक्षम सिन्हा**
95 प्रतिशत
12वीं
सीएमएस राजाजीपुरम



**अर्पिता केशरवानी**
95 प्रतिशत
12वीं
सीएमएस अलीगंज



**रुद्रांश सिंह**
92 प्रतिशत
10वीं
ईसी कांवेंट, गोमतीनगर

## एक नजर

### प्रॉपर्टी डीलर से चार लाख रुपये की ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : नगराम के बहरौली निवासी प्रॉपर्टी डीलर मनीष कुमार सिंह से चार लाख की ठगी की गई। पीड़ित ने नगराम थाने में दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। बहरौली के मनीष कुमार सिंह प्रॉपर्टी का कारोबार करते हैं। मनीष के मुताबिक गोसाईगंज के मोहम्मदपुर गढ़ी निवासी किसान छंगालाल रावत व उनकी पत्नी रामरानी ने उन्हें नौ लाख रुपये में 15 बिस्वा जमीन देने की बात कही थी। मनीष ने चार लाख रुपये एडवांस दिया था। इसी बीच किसान ने जमीन का सौदा दूसरी जगह कर लिया। नगराम पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी

अमृत विचार,काकोरी : पारा क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरों ने सड़क किनारे खड़ी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आलोक कुमार पुत्र विशंभर निवासी जनता बिहार बदल खेड़ा ने बताया कि वह अपनी गाड़ी जिसका नंबर यूपी 32 एचवाई 8456 से गोमती मार्केट के सामने बैंक ऑफ इंडिया के पास पिंक सिटी मोड पर ट्रांसफार्मर के पास गाड़ी खड़ी करके रोड की दूसरी तरफ मोबाइल की दुकान पर फोटो कॉपी कराने गए थे, वहां से वापस आकर देखा तो गाड़ी गायब थी। जिसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों से जानकारी हासिल करने की कोशिश की। लेकिन गाड़ी का कहीं पता नहीं चल सका।

# सीबीआई अधिकारी बनकर केजीएमयू की डॉक्टर से 85 लाख ठगने वाला गिरफ्तार

## साइबर क्राइम थाने की टीम ने गोमतीनगर विस्तार से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



साइबर क्राइम थाने की टीम द्वारा पकड़ा गया सीबीआई अधिकारी बन ठगी करने वाला जालसाज देवाशीष राय। अमृत विचार

अमृत विचार : फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर महिला से 85 लाख रुपये की ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार कर लिया गया। साइबर क्राइम थाने की टीम न आरोपी को गोमतीनगर विस्तार स्थित मंदाकिनी अपार्टमेंट से रविवार देर शाम गिरफ्तार किया। उसके पास से कई बैंकों के खातों के प्रमाण मिले हैं।

प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना बृजेश यादव के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी देवाशीष राय सुलभ आवास गोमतीनगर विस्तार सेक्टर-6 में रहता है। वह मूलरूप से आजमगढ़ के मसौना का रहने वाला है। आरोपी ने केजीएमयू के लॉरी में तैनात चिकित्सक डॉ. सौम्या गुप्ता से 85 लाख रुपये की ठगी की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महानगर आईटी चौराहा स्थित इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट निवासी डॉ. सौम्या गुप्ता केजीएमयू में तैनात है। सौम्या ने 1 मई को एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि

**▸▸ आजमगढ़ के मसौना का रहने वाला है आरोपी**

उनको एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को कस्टम अधिकारी बताया। कहा कि आपके नाम से कारगो बुक है। उसमें जाली पासपोर्ट एटीएम कार्ड और 140 ग्राम एमडीएम पाया गया। इस पाउडर का प्रयोग नशे के लिए किया जाता है। यह पूरी तरह से गैरकानूनी तरीके से लाया गया है। इसके बाद एक अन्य नंबर पर कॉल को ट्रांसफर किया। दूसरे व्यक्ति ने बात शुरू की तो उसने अपना परिचय सीबीआई अधिकारी के रूप में दिया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि डॉ. सौम्या गुप्ता को जालसाजों ने मोबाइल पर कॉल कर डराया और धमकाया। इस दौरान उनको डिजिटल अरेस्ट करने की बात कही। इससे बचने के लिए आरोपियों ने 85 लाख रुपये अपने खाते में ऑन लाइन ट्रांसफर करा लिए। जब इतने रुपये लेने के बाद भी मांग बंद नहीं हुई तो संदेह हुआ। डॉ. सौम्या ने अपने पति डॉ . राजीव को पूरी जानकारी दी। इसके बाद साइबर क्राइम थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराया। सर्विलांस की मदद से जब आरोपी की लोकेशन निकाली गई तो वह गोमतीनगर विस्तार इलाके में मिला। साइबर क्राइम टीम ने उसे रविवार देर शाम को दबोच लिया।

### यह सामान हुआ बरामद

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के पास से एक सीपीयू, बंधन बैंक, केनरा बैंक, सीबीआई, आईडीएफसी, आरबीएल, आईसीआईसीआई बैंक की सात चेकबुक, एसबीआई , पीएनबी और एचडीएफसी बैंक खाते की तीन पासबुक, तीन मुहर एएसआर कारपोरेशन, दो मुहर ओम चंद्रा, एक मुहर एचडीएफसी बैंक गोमतीनगर शाखा, एक एक्सिस बैंक गोमतीनगर, पासपोर्ट, पैनकार्ड, चार एटीएम कार्ड, किरायेदारी अनुबंध पत्र, आधार कार्ड सहित कई दस्तावेज बरामद किए।

# मेट्रो स्टेशन हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर फैलाई सनसनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ जवान मूवी देखकर हुआ प्रभावित**

**▸▸ कॉल करने वाला इंटर का छात्र हिदायत देकर छोड़ा गया**



अमृत विचार : हजरतगंज मेट्रो स्टेशन के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सनसनी फैलाने वाला किशोर इंटर का छात्र निकला। उसने जवान मूवी के मेट्रो जाम करने वाले सीन को देखकर यह कॉल की थी। सर्विलांस की मदद से पुलिस किशोर तक पहुंची। किशोर शहर के एक सर्राफ का बेटा है। पुलिस ने पूरे परिवार सहित थाने बुलाया। पूछताछ के बाद हिदायत देकर छोड़ दिया।

**कहा जवान फिल्म की तरह मेट्रो जाम हो जाएगी :** इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि रविवार सुबह करीब 10.45 पर मेट्रो स्टेशन के हेल्पलाइन पर कॉल आई थी। फोन करने वाले ने कहा था कि जवान फिल्म की तरफ मेट्रो जाम हो जाएगी। यकीन न हो तो फिल्म देख लो। इसके बाद फोन कट गया था। अंजान से आए धमकी भरे फोन के बाद पुलिस ने बम निरोधक दस्ते के साथ हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर जांच की थी। धमकी देने वाले नम्बर को ट्रैक किए जाने पर आलमबाग की लोकेशन मिली। इंस्पेक्टर के मुताबिक कॉल सर्राफ के बेटे और इण्टर के छात्र ने की थी।

### प्रभारी बेटे की हरकत सुन पिता हुए परेशान

कॉल करने के बाद किशोर ने मोबाइल नंबर बंद कर दिया था। काफी प्रयास के बाद लोकेशन ट्रैक हुई। पुलिस जब छात्र के घर पहुंची। वहां सर्राफ पिता बेटे की करतूत सुनकर परेशान हो गए। उन्हें इसका विश्वास ही नहीं हो रहा था। सोमवार को परिवार वाले बेटे के साथ हजरतगंज कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस अधिकारियों ने छात्र और उसके माता पिता की काउंसिलिंग की। उसे गलत सूचना देने पर होने वाली कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। उसके माफी मांगने के बाद हिदायत दी और छोड़ दिया। इसके पहले पिता से माफीनामा लिखवाया गया वहीं बच्चे को मोबाइल प्रयोग करने के दौरान निगरानी रखने की बात कही गयी। भविष्य में मोबाइल चलाने के दौरान सतर्कता बरतने की बात कही गयी।

# पत्नी पर चाकू से हमला, पति व ससुर समेत कई पर प्राथमिकी दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : पारा के लक्ष्मण बिहार कालोनी में शनिवार देर शाम को पति ने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव कर रही सास और साला भी हमले में घायल हो गए। घायल महिला का आरोप है कि पति दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहा था। विरोध करने पर हमला किया। इस मामले में पारा पुलिस ने पति, ससुर और कई रिश्तेदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

फतेहपुर के खागा निवासी शुभम शुक्ला ने बताया कि बहन शिवानी की शादी लक्ष्मण बिहार के आशीष मिश्रा से हुई थी। आशीष दहेज के लिए बहन से मारपीट करता था। ससुराल वाले नया मकान खरीदने के लिए शिवानी पर रुपये लाने का दबाव डाल रहे थे। शुभम ने बताया कि एक प्लॉट शिवानी के नाम से खरीदकर भी दिया। निर्माण काम चल रहा था। इसी कारण वह अपनी मां सरिता के साथ बहन के घर पर ही रूके थे। आरोप है कि 4 मई को आशीष अपने बहनोई मृदुल के साथ घर पहुंचा। वहां शिवानी से गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो आशीष ने चाकू से हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर शुभम व उसकी मां बीच बचाव करने लगे। आशीष ने उन पर भी हमला कर दिया। दोनों घायल हो गए। पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र के अनुसार एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# पिकअप भवन के पास चलती कार में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सड़क पर धू-धू कर जलती कार। अमृत विचार

अमृत विचार : विभूतिखंड स्थित पिकअप भवन के पास सोमवार दोपहर करीब 3 बजे चलती कार में आग लग गई। कार के बोनट से आग की लपटें और धुआं निकलता देख चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। राहगीरों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचीं दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर एक घंटे में काबू पाया। इस दौरान एक फ्लाईओवर पर यातायात रोक दिया गया था।

एफएसओ गोमतीनगर ने बताया कि गोमतीनगर के विवेकखंड निवासी पुनीत प्रकाश अपनी कार यूपी 32 ईएल 6659 से लोहिया अस्पताल से 1090 की तरफ जा रहे थे। पिकअप भवन के सामने वाले फ्लाईओवर से कार लेकर निकल रहे थे। भवन के सामने पहुंचते ही अचानक बोनट से धुआं निकलने लगा। अभी पुनीत कुछ समझ पाते बोनट से आग की तेज लपटें निकलनी लगी। उन्होंने कार रोकी और कूदकर किनारे खड़े हो गये। अचानक चलती कार

**▸▸ चालक ने कूदकर बचाई अपनी जान, दमकल ने एक घंटे में पाया काबू**

में आग लगने से फ्लाईओवर पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही कुछ दूरी पर खड़े यातायात पुलिसकर्मियों ने पिकअप भवन के पास से फ्लाईओवर पर वाहनों के जाने पर रोक लगा दी। कुछ देर में दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एफएसओ ने बताया कि कार ज्यादा चलने के कारण इंजन गर्म हो गया, इस कारण शार्ट सर्किट होने से आग लगी।

**हाल में चलती गाड़ियों में आग लगने का मामला**

| | |
|---|---|
| 25 अप्रैल 202 | डंपर में आग लग गई, चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई |
| 5 मई 2024 | बुद्धेश्वर मंदिर के पास कार में आग लग गई, कार सवार बाल-बाल बचे |
| 8 अप्रैल 2024 | शहीद पथ पर सिटी बस में आग लग गई, 20 से अधिक सवारियां बाल-बाल बची |

# अलग-अलग सड़क हादसों में चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में अलग-अलग हुए चार हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। हादसा दुबग्गा, गोसाईगंज, मोहनलालगंज और इटौंजा इलाके में हुए। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

**ट्रैक्टर की चपेट में आने से दूध विक्रेता की मौत, बेटे घायल :** दुबग्गा के झाखरबाग निवासी डेयरी संचालक अशरफ (42) सोमवार को बेटे अनस (7) और अशद (10) के साथ बाइक से मड़ियांव जा रहे थे। यूनिटी कॉलेज के पास सड़क पार करते समय सर्विस रोड की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। अशरफ सड़क पर गिर गए। उनके सिर पर पहिया चढ़ गया। अशरफ की मौके पर मौत हो गई। वहीं, अनस और अशद घायल हो गए। दोनों को पास के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

### सीतापुर हाइवे पर टेम्पो में टकराया ट्रक

बीकेटी टिकारी निवासी टेम्पो चालक राम सिंह (35) सोमवार सुबह इटौंजा मानपुर सब्जी मण्डी जा रहे थे। तभी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर में टेम्पो टकरा गई। हादसे में राम सिंह बुरी तराह से घायल हुआ था। जिसकी इलाज के लिए रामसागर मिश्र अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ देर बाद मौत हो गई।

### गोसाईंगंज-मोहनलालगंज में दो की मौत

गोसाईंगंज सदरपुर करोरा निवासी मजदूर रंजीत लोधी (32) सोमवार सुबह चांद सराय के पास सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने मजदूर को रौंद दिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि रंजीत की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं, मोहनलालगंज भैरवखेड़ा निवासी इलेक्ट्रिशियान ज्ञानेंद्र (32) रविवार शाम बाइक से भीलमपुर जा रहा था। सिसेंडी कस्बे के पास पिकअप की टक्कर लगने से ज्ञानेंद्र की मौत हो गई।

# सिंचाई विभाग की जमीन और बंधे की मिट्टी खोदकर बेची, पांच पर प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चिनहट इलाके में शारदा नहर और इन्द्रा जल सेतु चौकी के पास खुलेआम मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के बंधे की जमीन की मिट्टी खोदकर खनन माफिया मोटी कमाई कर रही है। इसकी शिकायत होने पर विभाग ने जांच कराई तो मामला सही पाया गया। इसके बाद सहायक अभियंता राज कुमार यादव ने चिनहट थाने में बिना अनुमति और सरकारी जमीन से मिट्टी खोदने के मामले में पांच पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

तृतीय सिंचाई खंड तेलीबाग में तैनात सहायक अभियंता राजकुमार यादव ने चिनहट थाने में पांच लोगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। सहायक अभियंता के मुताबिक सिंचाई विभाग की सरकारी जमीन लौलाई का पुरवा में शारदा नहर के बंधे और देवरिया गांव में इन्द्रा जल सेतु चौकी के पास बंधे व

**▸▸ शारदा नहर और इन्द्रा जल सेतु चौकी के पास धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी खनन**



सरकारी जमीन की मिट्टी खोदकर बेच दी जा रही है। यह खनन बिना किसी अनुमति पत्र के किया जा रहा है। मनमाने तरीके से किए जा रहे खनन के कारण दोनों गांव के किनारे बंधा कमजोर होता जा रहा है। इससे गांव की सुरक्षा पर खतरा भी मंडराने लगा है।

**पूरी रात होती है खोदाई :** सहायक अभियंता के प्रार्थना पत्र के मुताबिक आरोपी रात के 10 बजे से खोदाई का काम शुरू करते हैं। जो सुबह 8 बजे तक अनवरत जारी रहता है। सिंचाई विभाग ने इस मामले की जानकारी जिला खनन अधिकारी सहित कई जिम्मेदार विभागों को भेजी है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक सहायक अभियंता के प्रार्थना पत्र पर पांचों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने की प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### मंत्री से शिकायत के बाद खुली आंखे

इन दोनों इलाके में मिट्टी का मनमाने तरीके से खनन नई बात नहीं है। बंधे के किनारे रोज 50 ट्रक से अधिक मिट्टी का खनन किया जाता है। इस मामले की शिकायत देवरिया गांव निवासी सतीश पांडेय ने विभागीय मंत्री से की। विभागीय मंत्री ने जब इस मामले की रिपोर्ट मांगी तो आनन-फानन जांच शुरू की गई। मामला सही पाए जाने के बाद सहायक अभियंता राज कुमार यादव ने सिंकदरपुर गांव के मुकेश यादव, टिन्चू यादव, मनीष यादव, रमेश और फसलौना गांव के रामस्वरूप के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि मिट्टी ढोने के लिए मुकेश दो, मनीष दो, टिन्चू, रामस्वरूप और रमेश एक-एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का प्रयोग करते हैं।

# सहेली ने बनाई आपत्तिजनक वीडियो, किया वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ विरोध करने पर भाई संग मिलकर युवती को पीटा, प्राथमिकी दर्ज**

अमृत विचार : पारा इलाके में रहने वाली युवती की आपत्तिजनक वीडियो उसकी सहेली ने ही बना लिया। पीड़िता ने विरोध दर्ज कराया तो सहेली ने भाइयों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता के प्रार्थनापत्र के पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

कलंदरखेड़ा निवासी 20 वर्षीय युवती के मुताबिक घर में अस्थाई बाथरूम बना हुआ है। जिसमें पीड़िता नहा रही थी। इस दौरान ही सहेली सपना आ गई। जिसने युवती ने बाथरूम से बाहर जाने के लिए कहा था। लेकिन वह बाहर जाने के बजाए युवती से बातें करती रही। सपना ने वीडियो रिकार्ड कर सोशल मीडिया में वायरल किया। रिश्तेदारों से युवती को उसके आपत्तिजनक वीडियो का पता चला। पीड़िता ने सपना के घर पहुंच कर शिकायत की थी। जहां उसकी बात सुनने के बजाए सपना ने भाई सोनू, भूरा, पिता धनीराम और मां झनक के साथ मिल कर मारपीट की। इंस्पेक्टर ब्रजेश वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बिरयानी सेंटर संचालक ने वकील पर किया हमला

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज पुरनिया स्थित बिरयानी सेंटर पर दोस्तों के साथ खाने गए वकील पर हमला हुआ। हमले का आरोप बिरयानी सेंटर संचालक व उसके साथियों पर लगा है। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। अलीगंज सेक्टर-एल निवासी सोमिल सिंह सिकरवार के मुताबिक वह दोस्तों के साथ पुरनिया चौराहा स्थित चाहत बिरयानी सेंटर गए थे। खाना खाने के दौरान कर्मचारियों का व्यवहार देख उन्होंने एतराज जताया था। जिसके चलते इरफान और रिजवान ने मिल कर हमला कर दिया। कबाब भुनने वाली राड से सोमिल पर वार किया गया। जिससे उनके सीने में चोट लग गई। पीड़ित के मुताबिक इरफान ने फोन कर कुछ लोगों को बुलाया था। जो अधिवक्ता की ड्रेस में थे। इन लोगों ने असलहा दिखाते हुए गोली मारने की धमकी भी दी थी। इंस्पेक्टर अलीगंज विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दो पक्ष भिड़े, पांच घायल, दो गंभीर

संवाददाता, मलिहाबाद

**▸▸ आम की बाग की बिक्री को लेकर हुआ विवाद**

**▸▸ दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

अमृत विचार : माल थाना अंतर्गत आम की बाग खरीदने व बेचने के मामले में बाग मालिक व खरीददार के बीच लेनदेन को लेकर हुई मारपीट में पूर्व प्रधान सहित दोनो पक्षो के पांच लोग घायल हो गये। जिन्हें स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां से पूर्व प्रधान सहित दो लोगो को गम्भीर चोट होने के कारण बलरामपुर अस्पतालि रेफर किया गया है। दोनो पक्षों ने मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार कल्याणपुर गांव निवासी पंचम की बाग बाजार गांव निवासी छोटक्के ने बीते दिनों खरीदा था। जिसमे छोटक्के ने बाग मालिक पंचम को बयाना के तौर पर एक हजार रुपये का भुगतान किया था। शेष रुपये सोमवार को देना तय हुआ था जिसमे लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज मारपीट हो गयी। बाग मालिक पंचम का आरोप है कि छोटक्के कम रुपये देकर जबरदस्ती बाग खरीदना चाहते थे। जबकि बाग खरीददार छोटक्के ने बाग मालिक पंचम पर अधिक रुपये के लालच में बाग किसी दूसरे को बेचने का आरोप लगाया है।



राजबीर सिंह

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे व ईट-पत्थर चलने लगे। मारपीट में बाग मालिक पंचम व उनके साथी बसन्तपुर गांव के पूर्व प्रधान राजवीर सिंह मारपीट में लहू लुहान हो गये। वहीं दूसरे पक्ष के छोटक्के ,मोनू, छोटू चोटिल हो गये। जिन्हें स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां से राजबीर सिंह के सिर में गहरी चोट होने कारण गम्भीर हालत में बलरामपुर रेफर किया गया है। जब कि दूसरे पक्ष के मोनू को गंभीर चोट के चलते रेफर किया गया है। पुलिस ने पंचम की तहरीर पर छोटक्के, धर्मेंद्र, जीतेन्द्र व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जब कि छोटक्के ने पंचम, राजवीर सिंह,अभिषेक सिंह, हर्ष सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# आत्महत्या का प्रयास करने वाले व्यवसायी की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ चार बैंकों से ले रखा था लोन कर्ज वसूली से था परेशान**

अमृत विचार : मड़ियांव के श्याम बिहार कालोनी निवासी मेडिकल स्टोर संचालक सनी गुप्ता (30) ने एक सप्ताह पहले जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां सोमवार को मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक परिजन आत्महत्या के पीछे बैंक की वसूली वजह बता रहे है।

श्याम बिहार कालोनी फैजुल्लागंज में सनी गुप्ता पत्नी सोनम गुप्ता, दो बेटी अनन्या (4), आकृति (4) माह, दो भाई अनुज, कपिल, मां शीलू, पिता रामचंद्र गुप्ता के साथ रहते थे। भाई कपिल ने बताया कि 29 अप्रैल की रात करीब 10 बजे उनके भाई सनी की तबियत बिगड़ गई। बलरामपुर अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों को पता चला कि सनी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। 29 अप्रैल से ही सनी का इलाज बलरामपुर अस्पताल में चल रहा था। करीब एक सप्ताह इलाज के बाद सोमवार दोपहर करीब 3 बजे सनी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कार्रवाई — 44,347 वर्गफिट भूमि पर कर लिया था पक्का निर्माण

# आठ करोड़ की जमीन कराई कब्जामुक्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को नगर निगम की टीम ने तहसील सरोजनीनगर के ग्राम अमौसी में आठ करोड़ की 44,347 वर्गफिट भूमि कब्जा मुक्त करायी। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि खसरा संख्या 4055 क्षेत्रफल 0.2480 हेक्टेयर व खसरा संख्या 4059 क्षेत्रफल 0.1640 हेक्टेयर नवीन परती में दर्ज भूमि नगर निगम की है। खसरा संख्या 4059 सम्पूर्ण क्षेत्रफल 0.1640 हेक्टेयर में अवैध कब्जा करके कृषि कार्य किया जा रहा था। खसरा संख्या 4055 के क्षेत्रफल 0.0180 हेक्टेयर भूमि पर पक्का निर्माण करके कब्जा किया गया था। शेष क्षेत्रफल 0.0230 हेक्टेयर भूमि पर किसान का कब्जा मिला। उन्होंने बताया कि कब्जेदारों को मौके पर बुलाकर समझाने के बाद अवैध कब्जा हटवा दिया।

कार्रवाई नायब तहसीलदार नीरज कटियार एवं लेखपाल तनुज मदान, मृदुल मिश्रा, राहुल यादव के सहयोग से की गयी। खाली कराई गयी भूमि का बाजार मूल्य 8 करोड़ 26 लाख 34 हजार रुपये है।

### कब्जेदार ने हटा लिया 2,000 वर्गफिट भूमि से कब्जा

सरोजनीनगर तहसील के रहीमाबाद गांव में कब्जेदार ने खुद 2,000 वर्गफिट भूमि से कब्जा हटा लिया। खसरा संख्या 1072 क्षेत्रफल 0 .041 हेक्टेयर नाली में दर्ज भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत के बाद नगर निगम ने 3 अप्रैल को स्थल की जांच की थी। पैमाइश के बाद अवैध कब्जेदार को खुद अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था। उसने स्वयं कब्जा हटा लिया। खाली कराई गयी भूमि का बाजार मूल्य 60 लाख रुपये है।

### नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल थाना अंतर्गत नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर दुष्कर्म करने, मारपीट करने के नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म, पाक्सो व मारपीट बहला फुसला कर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया था। थाना क्षेत्र एक गांव मे रहने वाले किसान की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म व मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित किशोरी की मां ने बीते रविवार को थाने आकर तहरीर को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि शनिवार उसकी 17वर्षीय नाबालिग पुत्री को रोहित पुत्र भगवानदास निवासी हसनापुर बहला फुसलाकर अपने साथ लेजाकर उसके साथ दुष्कर्म व मारपीट करने का करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी रोहित के विरुद्ध पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी रोहित को रुदानखेड़ा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# रिटायर्ड फौजी से पुलिसकर्मियों ने की मारपीट, थाने पर हंगामा

**▸▸ सैरपुर रैथा क्रासिंग के पास सोमवार दोपहर को हुई घटना**

**▸▸ भाजपा कर्यकर्ताओं ने घेरा सैरपुर कोतवाली**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सैरपुर रैथा क्रासिंग के पास सोमवार दोपहर को रिटायर्ड फौजी के साथ थाने में तैनात पुलिस कर्मियों ने मारपीट की। आरोपी पुलिस कर्मियों में थाने और यातायात के जवान शामिल थे। जानकारी होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सैरपुर कोतवाली का घेराव कर लिया। आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर बीकेटी के विधायक योगेश शुक्ला भी पहुंचे।



सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

उनके हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। वहीं, डीसीपी उत्तरी ने आरोपों के आधार पर दो सिपाहियों को एडीसीपी कार्यालय से संबद्ध कर जांच का आश्वासन दिया। वहीं, टीएसआई और यातायात सिपाही को ड्यूटी से हटा दिया गया।

### फोटो खींचने पर हुआ विवाद

कमलाबाद बढ़ौली निवासी रिटायर्ड सेना के हवलदार प्रदीप कुमार मिश्रा सोमवार को पत्नी के साथ कमाण्ड हॉस्पिटल गए थे। दोपहर में वह घर वापस आ रहे थे। रैथा क्रासिंग के पास एक कार खड़ी थी। प्रदीप ने कार हटाने के लिए कहा था। तभी ट्रैफिक सिपाही आकर उनकी स्कूटर की फोटो खींच ली। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हुई। आरोप है कि सिपाही के साथ सादे कपड़ों में आए युवक ने प्रदीप के साथ मारपीट की। दीप के साथ हुई घटना पर भाजपा कार्यकर्ता सैरपुर कोतवाली का घेराव कर दिया। वहां पहुंचे बीकेटी विधायक ने जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधिकारियों से बात की थी।

## एक नजर

### किसान क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईगंज पुलिस ने किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपित शिवलर गांव निवासी प्रवीन कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपित ने कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी की है। उसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पीड़ित लोगों की संख्या का अभी पता नहीं चल सका है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पीड़ितों की संख्या में इजाफा होगा।

### छेड़छाड़ और मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ :कृष्णानगर पुलिस ने छेड़छाड़ कर मारपीट करने वाले चार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए चार आोरिपत मानकनगर निवासी विजय कुमार, कृष्णानगर निवासी रोहित राजपूत, रौनक और अमन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों को जेल भेजा।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईगंज पुलिस ने सोमवार को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले रज्जाक पुर गांव निवासी सुधीर को गिरफ्तार कर लिया। उधर, वाराणसी की छात्रा से मऊ निवासी अमित यादव ने छेड़छाड़ की। मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है।

### नगर आयुक्त को कई जगह गायब मिले कर्मचारी

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने सोमवार को शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने निरीक्षण किया तो उन्हें वार्ड में अधिकारी और निरीक्षक मिले लेकिन अधिकांश जगह सफाईकर्मी गायब थे। इस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को मौके पर बुलाया। नगर आयुक्त ने गायब कर्मचारियों की जगह दूसरे लोगों को काम पर लगाने के निर्देश दिए। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो। 'शहर गंदा, खजाने में लग रही झाड़ू' शीर्षक से अमृत विचार ने सोमवार के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। खबर का संज्ञान लेकर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने सोमवार सुबह फील्ड में निकलकर कर्मचारियों की उपस्थिति जांची। निरीक्षण में उन्हें कई जगह गंदगी मिली। जिस पर नगर आयुक्त ने ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि फील्ड पर पूरे कर्मचारी लगायें। नहीं तो भुगतान में कटौती की जाएगी।

# बढ़ी हवाओं की रफ्तार, कल बूंदाबांदी के आसार



चिलचिलाती धूप व गर्मी में सिर पर दुपट्टा डालकर बचने का प्रयास करतीं महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सोमवार को हवाओं ने रफ्तार पकड़ी। इससे लखनऊ के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। मौसम अनुसंधान विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार बुधवार को लखनऊ और आसपास बादल छाने के बाद हल्की बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं।

राजधानी में सोमवार सुबह से ही धूप निकली। दिन बढ़ने पर हवाओं की रफ्तार बढ़ती गई। ऐसे में तापमान में मामूली गिरावट आई। मौसम अनुसंधान विभाग के वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि रविवार को लखनऊ का

**अधिकतम तापमान में लगभग 2 डिग्री की गिरावट, न्यूनतम बढ़ा**

तापमान 42 डिग्री से कुछ अधिक था। हवाओं के कारण 24 घंटे के भीतर मौसम में मामूली बदलाव आया है। सोमवार को दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। रात के तापमान में जरूर बढ़ोतरी हुई। पारा 24 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। हवाओं की रफ्तार 25-35 किमी प्रति घंटा रही।हवाओं के दबाव का असर एक दिन बाद लखनऊ में भी देखने को मिलेगा। बुधवार को लखनऊ और आसपास इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

# गर्मी में बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कहा कि भीषण गर्मी में प्रदेश की बिजली आपूर्ति दुरुस्त रखी जाय, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। अध्यक्ष सोमवार को स्थानीय निकाय निदेशालय में वितरण निगमों के अधिकारियों के साथ बिजली आपूर्ति की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में अमरोहा, बदायूं, बुलंदशहर, हापुड़, सीतापुर व वाराणसी में तैनात अधिकारियों के खराब परफार्मेन्स पर स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिये गये।

अध्यक्ष ने कहा कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। अध्यक्ष



निकाय निदेशालय में वितरण निगमों के अधिकारियों के साथ बैठक करते उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल। अमृत विचार

**निर्धारित समय सारिणी के अनुसार हो बिजली आपूर्ति : अध्यक्ष**

ने बिजली सुदृढ़ीकरण के कार्यो में तेजी लानें, बिजली बिल वसूली को बढ़ाने, सभी को समय से बिजली बिल उपलब्ध कराने व बिजली चोरी रोककर लाइन हानियां कम करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहा कि ट्रांसफर क्षतिग्रस्त रोकने पर विशेष ध्यान दें। जहां कहीं ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होंगे, वहां अफसरों की जिम्मेदारी तय होगी। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गोमती नदी में चलेंगे क्रूज

## चार कंपनियों ने क्रूज खरीदने के लिए डाले टेंडर

**क्रूज के अंदर बने रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट व्यंजन का भी ले सकेंगे आनंद**

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



गोमतीनगर स्थित रिवर फ्रंट का द्रश्य। अमृत विचार

अमृत विचार : जल्द ही गोमती नदी में क्रूज चलेंगे। घूमने के साथ ओपेन एयर रेस्टोरेंट में लजीज व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इसके लिए टेंडर मांगे थे। जिसमें चार कंपनियों आयी हैं। टेंडर फाइनल होने के बाद तीन महीने में क्रूज में सैर का मजा ले सकेंगे।

गोमती रिवर फ्रंट पर घूमने वाले पर्यटक जल्द ही क्रूज की सैर करेंगे। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पूरी तैयारी कर ली है। प्राधिकरण रीवर फ्रंट क्षेत्र में गोमती नदी में दो क्रूज चलवाएगा। इसके लिए इसके लिए टेंडर निकाले गए थे। चार कंपनियों ने टेंडर में रुचि दिखाई है। जिस कंपनी का टेंडर स्वीकृत होगा वही क्रूज खरीदेगी। एक समय में 80 पर्यटक क्रूज की सवारी करेंगे। क्रूज में रेस्टोरेंट भी होगा। इसमें पर्यटक व्यंजनों का आनंद भी ले सकेंगे। एलडीए कंपनी को क्रूज का किराया देगा। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि गोमती नदी में क्रूज का संचालन होने में लगभग तीन महीने लग सकता है।

# एलडीए के प्रवर्तन जोन में बड़ा फेरबदल

अमृत विचार : अवैध निर्माण की लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने प्रवर्तन जोन में बड़ा फेरबदल किया है। सातों प्रवर्तन जोन के अवर अभियंताओं को हटाने के साथ सहायक अभियंताओं को नई तैनाती दी है। जेई सत्यवीर, सुभाष चन्द्र और रवि प्रकाश को अभियंत्रण में भेज दिया है।

एलडीए उपाध्यक्ष ने सभी जोन में हो रहे निर्माण का सत्यापन कराने के लिए एलडीए सचिव, अपर सचिव और संयुक्त सचिव को निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। अफसरों ने सभी सात जोन का सर्वे कर अवैध निर्माण चिन्हित करने के साथ अवर अभियन्ताओं की रिपोर्ट तैयार की थी। इसमें पता चला कि कई अभियंताओं ने अवैध निर्माण रोका और न कोई नोटिस जारी की। सील इमारत में भी काम होते मिला। प्रवर्तन जोन एक में अवर अभियंता संजय भाटी, आशीष श्रीवास्तव, एसके दीक्षित, प्रवर्तन जोन दो में सुशील कुमार सिंह, ऋतुपाल सिंह, विपिन बिहारी राय, प्रवर्तन जोन तीन में रवि शंकर राय, अम्बरीश कुमार, शशिभूषण मिश्र, जोन चार में जाकिर अली, प्रमोद कुमार पांडेय, भरत कुमार पांडेय, जोन पांच में सरोज कुमार, शिव कुंवर और सुरेंद्र द्विवेदी, जोन छह में सुरेश कुमार और राकेश कुमार, जोन सात में रामभूल खलौरिया, राम सागर वर्मा और जितेंद्र कुमार को तैनात किया है।

जोन एक में सहायक अभियंता उदयवीर सिंह, जोन दो में अनिल कुमार, जोन तीन में शिवा सिंह, जोन चार में आरके गुप्ता, जोन पांच में प्रवीण कुमार, जोन छह में एनएन चौबे और जोन सात में शिव शंकर लाल श्रीवास्तव को तैनाती दी है।

### पीएचसी पर फार्मासिस्ट ने वार्ड आया को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में फार्मासिस्ट ने सोमवार को वार्ड आया की पिटाई कर दी। आरोप है कि वीडियो वायरल करने के शक में पिटाई की गई।

हुसैनाबाद पीएचसी में तैनात डॉक्टर का वीडियो पिछले दिनों वायरल हुआ था। वीडियो में डॉक्टर इलाज के बहाने महिला मरीजों से अभद्रता करता दिख रहा था। वार्ड आया आसमा का आरोप है फार्मासिस्ट ने उस पर वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप लगाकर सुबह पिटाई कर दी। इससे पीएचसी में इलाज का काम बाधित हो गया। पीड़िता ने सीएमओ कार्यालय और पुलिस में शिकायती पत्र दिया है। सीएमओ डॉ. मनोज ने कहा कि जांच कराई जाएगी। जांच बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# दवा पिलाने से मासूम की बिगड़ी तबियत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**निजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर दवा ओवरडोज देने का आरोप लगा मुख्यमंत्री से की शिकायत**

अमृत विचार : अहिमामऊ क्षेत्र में स्थित निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में एमआरआई जांच कराने गए बच्चे को बिना एनेस्थीसिया दिए डॉक्टर ने बेहोशी की दवा पिला दी। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है।

अमेठी निवासी इरफान अब्बासी ने मुख्यमंत्री शिकायती पत्र भेजा है। इसमें बताया कि बेटे अर्श अब्बासी (3.5 वर्ष) को तबियत खराब होने पर निजी अस्पताल में दिखाया था। वहां से एमआरआई जांच के लिए उसे 2 मई को अहिमामऊ क्षेत्र में स्थित सौभाग्यम डायग्नोस्टिक्स एवं इमेजिंग सेंटर भेजा गया। जांच के लिए 5,820 रुपये जमा कराए गए, लेकिन काफी देर तक डॉक्टर नहीं आया। बच्चा भूखा- प्यासा होने के कारण परेशान हो रहा था। आरोप है जल्दी डॉक्टर को बुलाने के लिए कहने पर स्टाफ अभद्रता करने लगा।

डॉक्टर को बुलाने पर पांच हजार रुपये और मांगे गए। आरोप है कि एनस्थीसिया लगाने के लिए सेंटर पर एनेस्थीसिया विशेषज्ञ भी मौजूद नहीं था। स्टाफ ने बच्चे को बेहोश करने के लिए सीरप पिला दी। सीरप पीने के कुछ देर बाद बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। उसे मेदांता में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दवा का ओवरडोज होने की पुष्टि की। सेंटर जांच के लिए जमा रकम को भी वापस नहीं कर रहा है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर डायग्नोस्टिक्स सेंटर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### छका रहा आरटीओ का सर्वर, धीमा तो कभी ठप

अमृत विचार, लखनऊ : संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय ट्रांसपोर्टनगर का सर्वर अब लोगों को छका रहा है। पिछले दो दिन से सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहा है। लोग कार्यालय और सारथी भवन के चक्कर लगा रहे हैं। सोमवार को किसी तरह सर्वर चला भी तो उसकी गति इतनी धीमी है कि लोगों काफी देर तक इस भीषण गर्मी में लाइन में खड़े होने होने को मजबूर रहे।

सर्वर की कनेक्टिविटी स्लो होने से आवेदकों के प्रपत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहे थे। एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी के मुताबिक जिस कंपनी का सर्वर लगा है, उसे बदलने के लिए कई पत्राचार किए जा चुके हैं। लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं हो सकी है। इसे बदला जाना नितांत आवश्यक है तभी इसका हल निकलेगा। महीने में कई दिन सर्वर या तो स्लो रहता है या फिर ठप।



बैठक में स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

# गली-मोहल्लों में नियमित कराई जाए फागिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गली-मोहल्लों में नियमित रूप से फागिंग कराने के साथ ही एंटीलार्वा का छिड़काव कराएं। साथ ही डेंगू के प्रभाव से लोगों को बचाने के लिए साफ जल कहीं एकत्र न होने दें।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने संक्रामक बीमारियों (डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड) से बचाव को लेकर बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फ्रिज, कूलर, टायर और गमलों

**मंडलायुक्त ने संक्रामक बीमारियों को लेकर की बैठक साफ-सफाई के दिए निर्देश**

आदि में पानी एकत्रित एवं जमा रहने के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ता है। उन्होंने कहा कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम बनाकर गली-मोहल्ले में जागरूकता अभियान चलाया जाए। नाले-नालों की सफाई के दौरान ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव अवश्य कराएं। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव वाले क्षेत्रों में ड्रैनेज को चिह्नित करके तत्काल साफ-सफाई कराएं। घर-घर जाकर पंफलेट बांटे जाए और मुनादी कराते हुए लोगों को जागरुक किया जाए। जागरुकता अभियान में आशा और एएनएम का भी सहयोग लिया जाए। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन रणविजय यादव, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# कलह से तंग गार्ड ने की आत्महत्या

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव के कृष्णलोक कालोनी फैजुल्लागंज निवासी अजीत कुमार शुक्ला (30) ने सोमवार को आत्महत्या कर ली। उसका शव कमरे में पंखे से चादर के फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक पारिवारिक कलह के कारण आत्महत्या की है।

कृष्णलोक कालोनी फैजुल्लागंज निवासी जनार्दन प्रसाद शुक्ला के तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा अजीत कुमार शुक्ला गार्ड की नौकरी करता था। वहीं दो बेटे अमित और आशीष घर पर ही रहते हैं। पुलिस के मुताबिक अमित ने सोमवार दोपहर करीब 3 बजे आत्महत्या कर ली। वह पिछले 10 दिन से राजाजीपुरम स्थित ससुराल में था। उसकी पत्नी दीपिका वहीं पर है। सोमवार को ही वह सुबह वापस घर आया था। पिता ने बताया कि उसने कहा कि बीमारी के कारण मैं ड्यूटी सही से नहीं कर पा रहा हूं। मेरे हिस्से की जायदाद दीपिका के नाम कर दीजिए। जनार्दन ने बताया कि इस प्रस्ताव को उन्होंने ठुकरा दिया।

# बीबीएयू : छात्रों के प्रदर्शन का रिकॉर्ड तलब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**नए कुलपति के आते ही प्रकरण की नए सिरे से शुरू हुई जांच**

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में नए कुलपति के चार्ज लेते ही विवि की तस्वीर बदलने लगी। पहले ही दिन छात्र प्रदर्शन के रिकॉर्ड तलब किये गए। छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई मारपीट के कई वीडियो और सीसीटीवी फुटेज को भी विवि प्रशासन की ओर से सोमवार देर शाम तक इकट्ठा किया जाता रहा।

बीबीएयू के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह के पुनर्वास विवि में कार्यभार ग्रहण होते ही रिक्त पद पर विवि के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर एनएमपी सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। सोमवार को सभी विभागाध्यक्षों की बैठक हुई। सबसे पहले छात्रों के प्रदर्शन का मुद्दा उठा। कुलपति के निर्देश पर गठित टीम ने कुछ साक्ष्यों को प्रस्तुत किया।

जानकारों की मानें तो जांच में संतोषजनक उत्तर न मिलने पर कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा ने जांच को गंभीरता से लिये जाने को कहा। इ ऐसे में प्रो. संजय कुमार सहित टीम के अन्य सदस्यों द्वारा पुराने रिकॉर्डों को खंगाला जाने लगा। देर शाम तक प्रक्रिया जारी रही। कुलपति का कहना है कि गंभीर प्रकरण को लेकर टीम के सदस्यों को निर्देश दिये गए हैं। जो भी निष्कर्ष सामने आएगा, कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**विवि से जुड़ा ये है विवाद**

बीबीएयू के छात्रों का आरोप है कि वे लोग कुलपति से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोका और मारपीट की। साक्ष्य के तौर पर कई वीडियो भी बने। लेकिन विवि प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टा छात्रों को ही विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ा। छात्रों की मांग थी कि सुरक्षाकर्मी हटाकर उनके विरुद्ध विभागीय और पुलिस कार्रवाई की जाए।

### सुसाइड नोट लिख वृद्धा ने की आत्महत्या

अमृत विचार, लखनऊ : इस मोह-माया की दुनिया से बाहर निकलना चाहती हूं। परम पिता मुझे मार्ग दिखाओ। यह शब्द लिखकर जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी कृष्णा (72) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने फंदे से लटकता देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पड़ताल की तो एक सुसाइड नोट मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कृष्णा के पति जय गोपाल बिजली विभाग से सेवानिवृत्त हैं, उनसे पूछताछ की गई है। वृद्धा के पास एक सुसाइड नोट मिला। पुलिस सुसाइड नोट को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

**सलाह** — विश्व अस्थमा दिवस की पूर्व संध्या पर प्रो .वेद प्रकाश ने साझा की जानकारी

# सटीक जांच, सही उपचार से सामान्य जीवन जी सकते हैं अस्थमा रोगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अस्थमा गैर संचारी रोगों में से सबसे ज्यादा होने वाली बीमारी है। इससे पूरे विश्व में लगभग 30 करोड़ लोग पीड़ित हैं। सटीक जांच और उचित उपचार से अस्थमा का मरीज भी सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। यह कहना है केजीएमयू के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन के विभागाध्यक्ष प्रो.वेद प्रकाश का। उन्होंने अस्थमा दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को जानकारी साझा की। उन्होंने बताया विश्व अस्थमा दिवस 7 मई को है। इस बार की थीम 'अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण' है।

केजीएमयू रेस्पाइरेटरी मेडसिन विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्यकांत ने बताया देश में साढ़े तीन करोड़ लोग अस्थमा से पीड़ित हैं। प्रदेश में पीड़ितों की संख्या 60 लाख है। अप्रैल और मई में अस्थमा के मरीजों की संख्या में इजाफा होता है। उन्होंने कहा इन्हेलर को गलत




अस्थमा के बारे में जानकारी देते हुए प्रो .वेद प्रकाश, साथ में अन्य लोग। अमृत विचार

तरीके से इस्तेमाल करने से मरीजों को गले में खरास, फंगल इंफेक्शन और हाथों में कंपन की समस्या भी हो जाती है।

डॉ.आशीष वर्मा के अनुसार अस्थमा के मरीजों को बारिश, सर्दी, धूल भरी आंधी, ज्यादा गर्म और नम वातावरण, प्रदूषण, सर्दी के मौसम में धुंध, धूम्रपान से बचना चाहिए। घर को डस्ट फ्री बनाएं। धूपबत्ती, अगरबत्ती, मच्छर की कॉयल, सिगरेट का धुआं हानिकारक है। अगर आप अस्थमा के मरीज हैं तो दवाईयां हमेशा साथ रखें। डॉ. एकांश राठोरिया ने बताया कि अस्थमा के सही इलाज से किसी को भी सामान्य जीवन जीने में कोई बाधा नही आती अपितु बच्चे भी खेल कूद में बद चढ़के हिस्सा ले सकते हैं। डॉ. अमित रस्तोगी ने कहा कि श्वास रोगों से बचने के लिए फ्लू और निमोनिया के टीके भी लाभकारी है और इसमें योग और व्यायाम भी अपनी एक अहम भूमिका निभाता हैं।

**कोई लक्षण नहीं, फिर भी हो सकता है अस्थमा** : बलरामपुर अस्पताल के चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. एके गुप्ता ने बताया कि अस्थमा से संबंधित शरीर में कोई लक्षण न दिखाई देने पर उसे अस्थमा नहीं है यह समझ लेना एक मिथ्य है। लक्षण के अभाव में भी अस्थमा की बीमारी गंभीर स्वरूप धारण कर सकती है। अस्थमा से पीड़ित लोग सामान्य, सक्रिय और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। अस्थमा को नियंत्रण में रखने के लिए डॉक्टर की सलाह से अस्थमा की दवाएं लेना महत्त्वपूर्ण हैं।

**महज नौ फीसदी मरीज लेते हैं नियमित इन्हेलर**

डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि इन्हेलर अस्थमा मरीजों का दोस्त है, न कि दुश्मन। इन्हेलर की दवा माइक्रोग्राम में होती है। गोली में दवा मिलीग्राम होती है। इन्हेलर से सीधे फेफड़े में दवा जाती है। गोली दूसरे अंगों में जाती है। उसका दुष्प्रभाव भी देखने को मिलता है। इन्हेलर से डोज कम और साइड इफेक्ट नहीं होते हैं। सबसे अहम बात है कि 100 में महज 30 फीसदी लोग ही इन्हेलर लेते हैं। उन 30 फीसदी में से महज नौ फीसदी मरीज ही नियमित व सही तरीके से इन्हेलर का इस्तेमाल करते हैं। सुपरस्टार फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन, अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा भी इन्हेलर लेती हैं।

**बढ़ते प्रदूषण से बच्चे भी हो रहे अस्थमा रोगी**

लखनऊ बाल अकादमी के सचिव डॉ. उत्कर्ष बंसल ने बतायाबच्चों में भी अस्थमा (दमा) एक बहुत आम परेशानी बनती जा रही है। प्रदूषण, धुआं और पारिवारिक इतिहास में दमा होना मुख्य कारक हैं। उन्होंने बताया बच्चों को रात में खांसी आना, मौसम बदलने पर खांसी आना या जोर से हंसने, रोने पर खांसना। ऐसे लक्षणों को देख कर अभिभावकों को तुरंत बाल रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, ताकि सही निदान और उपचार हो सके।

**हर साल चार लाख लोगों की जा रही जान**

एसजीपीजीआई की डॉ. प्याली भट्टाचार्य ने बताया अस्थमा से दुनिया भर में 34 करोड़ से अधिक लोग प्रभावि है। इसके प्रमुख लक्षण घरघराहट, खांसी, सीने में जकड़न और सांस की तकलीफ हैं। अस्थमा के कारण गंभीर और जानलेवा हो सकते हैं। इससे प्रतिवर्ष 4 लाख से अधिक लोगों की जान जा रही है।

**घर की दीवारों पर सीलन से बढ़ता है अस्थमा**

अमृत विचार : अस्थमा या सांस संबंधी अन्य समस्याओं के मरीजों की संख्या बढ़ने के पीछे आबादी बढ़ने के साथ ही, घरो की दीवारों पर मौजूद सीलन और धूल मुख्य कारक है। अगर, हम अपने आसपास के वातावरण को साफ कर ले तो सांस संबंधी समस्याओं पर नियंत्रण किया जा सकता है। यह बात सोमवार को चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ.एके सिंह ने कही। गोमतीनगर स्थित निजी होटल में विश्व अस्थमा दिवस की पूर्व संध्या पर संपन्न संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि सांस की समस्या, व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता कम करने के साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डालती हैं। श्वसन, क्रिटिकल केयर एवं विशेषज्ञ नींद डॉ. बीपी सिंह ने कहा कि अस्थमा में सांस की नली संकरी हो जाती है, धूल के कण, धुएं, ठंडी हवा आदि के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है। यह एक लाइलाज बीमारी है लेकिन इसे नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि भ्रांतियों की वजह से लोग इन्हेलेशन थेरेपी से परहेज करते हैं जबकि यही सबसे कारगर उपचार है।

### विदेशी पर्यटक की संख्या बढ़ाने के लिए करने होंगे ठोस प्रयास : दुर्गा शंकर

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि अवसरों और संभावनाओं की कमी नहीं है। हम घरेलू पर्यटन के मामले में पहले पायदान पर हैं, लेकिन इनबाउंड पर्यटन (विदेशी पर्यटक) बढ़ाने की जरूरत है। जोकि सभी के प्रयासों से हासिल किया जा सकता है।

मुख्य सचिव, गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को 'पर्यटन विकासः सम्भावनाएं एवं सिद्धी' विषय पर संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे पास 12 समर्पित पर्यटन सर्किट हैं, जिनके जरिए लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सकते हैं। प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की बजाय प्रदेश के अद्वितीय स्थलों और परंपराओं को पेश करना चाहिए। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि विदेशी पर्यटक आम तौर पर अनुभवात्मक पर्यटन की तलाश में रहते हैं। बेहतर अनुभव मिलने पर वो बार-बार हमारे राज्य में आना चाहेंगे, और अपने देश में हमारे ब्रांड एंबेसडर की भूमिका निभायेंगे।

**सूचना**

पहले मेरा नाम ABDUL FAZAL था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD AFZAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: ABDUL WAHID, SHAHPUR GONDA UTTARPRADESH 271303

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना सं0– याँ/301/इज्जत/24–25/ओटी–03

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निविदापत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं,

**क्रम सं0 1:–कार्य का संक्षिप्त विवरणः** यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर में 4064 आईसीएफ, एलएचबी, डेमू/मेमू स्पार्ट टीसी और एनएमजीएचएस बोगी घटकों की स्ट्रिंपिग (कार्य के दायरे के अनुसार) का कार्य/02 वर्ष की अवधि के लिए। अनुमानित मूल्य (रू0 में): ₹ 4624578.88 (छियालीस लाख चौबीस हजार पांच सौ अठहत्तर रूपये एवं अट्ठासी पैसे मात्र), जमानत राशि (रू0मे): ₹ 92500.00 (रू बानवे हजार पाँच सौ मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, कार्य अवधिः दो वर्ष, निविदा खुलने की तिथि व समयः दिनांक 27.05.2024 को 15.30 बजे,

**नोटः–1.** उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 03.05.2024 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर टेंडर खुलने की तिथि 27.05.2024 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। 2.उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CA द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ ireps वेबसाइट पर पंजीकृत कराएं। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लैटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। 4. ई–निविदा हेतु धरोहर राशि ई–भुगतान नेट बैंकिग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी।

उपमुयाँइ/उत्पादन, यांत्रिक कारखाना
मुजाधि/यांत्रिक–11 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## एक नजर

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** माल पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 17 वर्षीय पीड़िता की मां हसनापुर निवासी रोहित पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने, मारपीट और दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को रूदानखेड़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### नाले पर बनाया रैंप, घरों में भर रहा सीवर का पानी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन पांच के केसरी खेड़ा वार्ड स्थित तेजी खेड़ा में लोगों के घरों में नाले का गंदा पानी घुस गया है। नाले पर अतिक्रमण के चलते पानी बैक मार रहा है। फर्नीचर वाली गली का और बुरा हाल है। गली में सीवर का गंदा पानी भर गया है। जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। नगर निगम से शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जिससे क्षेत्रीय निवासियों में आक्रोश है। तेजीखेड़ा के सरफराज ने बताया कि समस्या पांच वर्ष से है। आरोप लगाया कि नगर निगम जोन पांच के अभियंता समस्या का समाधान नहीं निकाल पाए हैं। शिकायत करने पर सफाई कर्मियों ने नाले का पानी निकालने के लिए पम्प लगा दिया। सरफराज ने बताया कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने नाले पर रैम्प बनाकर लिया है। इससे पीछे के घरों की नालियों का पानी नाले में नहीं जा पा रहा है। रैम्प हटाकर सफाई कराई जाए तो समस्या का समाधान हो सकता है।

### बागेश्वर द्विवेदी की पुण्यतिथि पर हुआ भंडारा

**अमृतविचार,निगोहां :** क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में वरिष्ठ समाजसेवी बागेश्वर द्विवेदी की तीसरी पुण्यतिथि पर सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। हवन पूजन के बाद बागेश्वर के चित्र पर लोगों ने पुष्प अर्जित किए। भंडारे में लोगो को पूड़ी-सब्जी,छोला-चावल व बूंदी बांटा गया। भंडारे का आयोजन भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी,जय शंकर व विजय शंकर ने किया।

# निर्माण कंपनी ने 7.43 करोड़ हड़पे, रिपोर्ट

## बुलंदशहर के कारोबारी से मंगाया सटरिंग का सामान और किराया हड़पा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **कारोबारी ने सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर**

**अमृत विचार :** भवन निर्माण कंपनी कुमार एंड वीर स्काई बिल्डर्स प्रा. लि. पटना ने बुलंदशहर के कारोबारी का 7 करोड़, 43 लाख 51 हजार 843 रुपये हड़प लिये। यह रकम कारोबारी द्वारा मुहैया कराए गए सटरिंग सामान और उसका किराये का है। पीड़ित ने जब रुपये मांगे तो उसका अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित कारोबारी ने सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में दोनों कंपनियों के मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक बुलंदशहर के डिवाई लगलिया निवासी उमेश कुमार वर्मा सटरिंग के बड़े कारोबारी हैं। उमेश विनटस फर्मवर्क प्रा. लि. से कारोबार के लिए अधिकृत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि काम के सिलसिले में उनका कुमार एंड वीर स्काई बिल्डर्स प्रा. लि. पटना से समझौता हुआ। समझौते में सटरिंग और स्कोडिंग का सामान किराये पर देने की बात तय हुई।

**चार माह में दिये 470 टन माल:** उमेश ने पुलिस को बताया कि उसने समझौता होने के बाद कुमार एंड वीर स्काई बिल्डर्स की कई साइट पर सटरिंग और स्कोडिंग का सामान आपूर्ति करना शुरू किया। इस दौरान 2 मई 2021 से 24 सितंबर 2021 के बीच 470 टन माल की आपूर्ति की। कुमार एंड वीर स्काई बिल्डर्स ने 30 मई 2022 को 29 टन माल वापस कर दिया। लेकिन 447 टन बकाया रखा। वीर स्काई बिल्डर्स के पास जो माल बचा था उसकी कीमत जीएसटी सहित 3 करोड़ 16 लाख 61 हजार 102 रुपये है। वहीं, उसका किराया एक करोड़ 84 लाख 98 हजार 187 रुपये है। यह माल कंपनी के पटना साइट पर उपलब्ध कराया गया। वहीं, कोलकाता के साइट पर 148 टन माल उपलब्ध कराया। जिसकी कीमत एक करोड़ चार लाख 95 हजार 794 रुपये और किराया एक करोड़ 36 लाख 96 हजार 760 रुपये है। उमेश ने बताया कि वीर स्काई बिल्डर्स ने कुछ दिनों तक किराया दिया। इसके बाद अचानक से बंद कर दिया।

### अपहरण कर हत्या करने की दी धमकी

उमेश ने बताया कि जब वह माल वापस करने व किराए की बात करने लगे तो टालमटोल का रवैया कंपनी ने अपनाया। इस बीच वह अपने माल को देखने के लिए साइट पर जाने की बात कही तो कंपनी के अधिकारियों ने बहाना बनाकर मना कर दिया। सिर्फ कागज पर अंडरटेकिंग दे दी। वहीं 470 टन माल व 56 लाख रुपये देने के लिए 10 मई 2022 तारीख तय की। इसके बाद न तो माल वापस आया न ही किराया मिला। जब किराया व माल वापस मांगने गया तो अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद कुलदीप मणि मिश्रा को गुलदस्ता भेंट करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### भाजपा के हुए बसपा के कुलदीप मणि मिश्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में न सिर्फ विदेशों में भारत का समान बढ़ा है बल्कि देश के भीतर भी गरीब, वंचित किसान महिला समेत सभी का विकास हुआ है। यह बात, बसपा के ब्राह्मण नेता कुलदीप मणि मिश्रा ने सोमवार को सैकड़ो समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद कही। प्रदेश कार्यालय में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के हाथो सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि भाजपा की राष्टवादी विचार धारा एवं सब का साथ सबका विकास की अवधारणा में मै भी विश्वास करता हूं, इसलिए भाजपा की सदस्यता लिया हूं। मालूम हो कि बसपा की सोशल इंजीनियरिंग की सफलता में कुलदीप मणि मिश्रा की अहम भूमिका रही है, पार्टी में उन्हें बड़े नेता के रूप में देखा जाता रहा है। बीते 20 सालों के दौरान संगठन में विभिन्न पदों पर रहते हुए बस्ती गोरखपुर देवीपाटन फैजाबाद सहित कई मंडलों के प्रभारी भी रह चुके हैं।

# आना था बहन के साथ, मिली मौत की खबर

▸▸ **घाघरा नदी में समाए तीन युवा, मातम में बदली श्रवण के घर में शादी की खुशियां**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सीएससी पर पंचनामा भरते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बहन को विदा कराने गए श्रवण की मौत की खबर पर एकाएक परिजनों को विश्वास ही नहीं हुआ। फोन की घंटी बजी तो सबको लगा कि वे रास्ते में हैं और शायद इसी की जानकारी देने के लिए फोन किया होगा। लेकिन, फोन पर किसी और की आवाज सुनाई दी।खबर श्रवण की मौत की मिली तो शादी वाले घर में मातम छा गया।

श्रवण की बहन रजनी की शादी 25 अप्रैल को थी। गाजे-बाजे के साथ जरवलरोड के तपेसिपाह धोबिनपुरवा से धर्मेंद्र बारात लेकर आया था। दूसरे दिन रजनी की विदाई हो गई। घर पर अभी रिश्तेदारों की भीड़ थी। शादी के बाद की रस्म पूरी की जा रही थी। शादी के बाद रजनी की ससुराल चौथ पहुंचाने और उसकी विदाई कराने की रस्म की तारीख भी तय हो गई। सोमवार को दिन रखा गया था। विदाई के लिए लखनऊ से गाड़ी लेकर रजनी का भाई श्रवण और उसके दो रिश्तेदार सचिन व अचिन धोबिनपुरवा पहुंचे। अचानक दोपहर तीन बजे श्रवण के घर का मोबाइल फोन बजा, तो लोगों को लगा कि रजनी की विदाई हो गई है। तीनों बच्चे बहन को लेकर रास्ते में है। पर, कॉल रिसीव होते ही दूसरी तरफ से तीनों के मौत खबर आई। इसके बाद पूरे घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

**फाइबर पल्ले का काम करता था श्रवण :** चाचा गुड्डु ने बताया कि श्रवण बहुत मेहनती लड़का था। पूरे घर को संभाल रखा था। फाइबर पल्ले काम करता था। वहीं सचिन और अचिन मकैनिक का काम करते थे। भाई होने के साथ-साथ तीनों की बहुत अच्छी दोस्ती थी। कहीं भी जाते थे, तो साथ जाते थे। किसी को नहीं पता था बहन को लेने जाएंगे तीनों वापस नहीं लौटेंगे।

# नीट एसएस 2024 न होने से प्रभावित होंगी चिकित्सकीय सेवाएं

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ **मेडिकल कॉलेजों को सीनियर रेजिडेंट व असिस्टेंट प्रोफेसर नहीं मिलेंगे एक साल**

**अमृत विचार :** नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के अनुसार इस साल नीट एसएस (सुपर स्पेशयलिस्ट)-2024 की परीक्षा न होने से चिकित्सा संस्थानों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ेगा। पहला नुकसान, तैयारी करने वाले पीजी डॉक्टरों की उम्मीदें टूटेंगी, दूसरा चिकित्सा संस्थान व मेडिकल कॉलेजों को मिलने वाले बतौर एसआर (सीनियर रेजीडेंट) और तैनात होने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर एक साल तक नहीं मिलेंगे।

कोरोना में मिलने वाले दर्द को आम लोग भले ही भूल गये हों, मगर उस दौरान विशेषज्ञता हासिल करने वाले चिकित्सक और वर्तमान में विशिष्ट विशेषज्ञ बनने के लिए उम्मीद लगाए पीजी चिकित्सक नहीं उबर पा रहे हैं। साल 2021 में नीट एसएस परीक्षा न होने की वजह से 2020 बैच के एमडी व एमसीएच करने वाले चिकित्सकों को दो साल तक बतौर एसआर (सीनियर रेजीडेंट) वन चिकित्सकीय सेवाएं देनी पड़ी थी। यही हाल 2023 बैच के चिकित्सकों का होगा, अगर परीक्षा नहीं होती है तो इन्हें भी दो साल तक बतौर एसआर वन दो साल सेवाएं देनी पड़ेंगी। समस्या, यहीं खत्म नहीं होती है। नये एसआर न मिलने से अस्पतालों में सुपर स्पेशलिटी सेवाएं प्रभावित होंगी। विशिष्ट विशेषज्ञों के अभाव में मरीजों का चिकित्सकीय कार्य प्रभावित होगा।

**सुपर स्पेशयलिटी विभाग:** क्रिटिकल केयर मेडिसिन (सीसीएम), कार्डियोलॉजी, कार्डियक एनेस्थेटिक, क्लीनिकल हेमेटोलॉजी, इम्यूनोलॉजी रूह्मटोलॉजी, इंडोक्राइन सर्जरी, इंडोक्राइनोलॉजी, गेस्ट्रोइंट्रो सर्जरी, जीरियाटिक मेंटल हेल्थ, मेडिसिन जेनेटिक्स, नियोनैटोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, पीडियाट्रिक गेस्ट्रोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक एंड रीक्रंस्ट्रक्शन सर्जरी, पल्मोनरी मेडिसिन, सर्जिकल गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी, सर्जिकल आंकोलॉजी, वस्कुलर सर्जरी, न्यूरोरेडियोलॉजी व इंटरवेस्नल रेडियोलॉजी, व यूरोलॉजी आदि विभागों में करीब 246 सीटें हैं।

> मेडिकल कॉलेजों में मरीजों का सबसे ज्यादा लोड सीनियर रेजिडेंट्स पर होता है। अगर नीट एसएस 2024 नहीं होगी, तैयारी कर रहे पीजी कर चुके चिकित्सकों का नुकसान होने के साथ ही विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाएं भी नहीं मिलेंगी। हालांकि हम विभिन्न प्रांत के रेजिडेंट्स चिकित्सकों की इस मुद्दे पर वार्ता हो रही है। सकारात्मक परिणाम न मिलने पर एनएमसी तक आवाज उठायी जायेगी।
>
> **-डॉ.अंकित पचौरी, उपाध्यक्ष रेजिडेट्स डॉक्टर एसोसिएशन**

# ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **ट्रक के बोनट गार्ड में फंसकर 50 मीटर तक घिसटता चला गया ठेकेदार**

**अमृत विचार :** जुबिली इंटर कॉलेज के पास दो मई की शाम नो-इंट्री में घुसे ट्रक ने बाइक सवार ठेकेदार मो.शादाब को टक्कर मार दी। शादाब और उसकी बाइक ट्रक के बोनट गार्ड में फंसकर 50 मीटर तक घिसटते चले गए। बाइक सड़क पर घिसटने लगी तो चिंगारियां निकलने लगी। राहगीरों ने शोर मचाकर ट्रक को रूकवाया। इसके बाद घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लेकर गए। सोमवार को हादसे का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ। इस मामले में वजीरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सिटी स्टेशन बाग शेरगंज निवासी मो. शादाब जुबली कॉलेज के पास के जा रहे थे। तभी नो-इंट्री तोड़ कर घुसे ट्रक ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे शादाब बाइक समेत ट्रक में फंस गया। ड्राइवर को ट्रक में बाइक फंसने का पता चल गया था। फिर भी उसने रफ्तार कम नहीं की। व्यस्त इलाके में भी ड्राइवर स्पीड़ बढ़ाते हुए भागने का प्रयास किया था। वहीं, ट्रक के बोनट गार्ड में बाइक सवार को फंसे देख राहगीरों ने किसी तरह से ट्रक को रोका। जिसके बाद शादाब को को बाहर निकाला गया।

### मीडिएशन फेल हुआ नाराज पत्नी ने तोड़ दी कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज स्थित पारिवारिक परामर्श केंद्र में मीडिएशन फेल होने के बाद नाराज पत्नी ने कार तोड़ दी। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि पारिवारिक परामर्श केंद्र में ट्रेवल एजेंसी संचालक और उसकी पत्नी सोमवार को आए थे। दोनों के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। थाने में शिकायत की गई। इसके बाद पारिवारिक परामर्श केंद्र में मीडिएशन के लिए भेजा गया। सोमवार को दोनों केंद्र में पहुंचे। दोपहर करीब 12.30 बजे दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद महिला ने पत्थर मार कर पति की कार का शीशा तोड़ दिया। विवाद होते देख अधिवक्ता जुट गए। इंस्पेक्टर के मुताबिक झगड़े के बाद दोनों पक्ष बिना शिकायत दर्ज कराए ही चले गए थे। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चे के पेट से निकला 5 .5 किलो का ट्यूमर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों का दावा 10 हजार बच्चों में एक को होती है ऐसी बीमारी**

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने तीन साल के बच्चे की दाएं गुर्दे में पनप रहे ट्यूमर का सफल ऑपरेशन कर नया जीवन दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चे का ट्यूमर के साथ वजह 10 किलो था। ऑपरेशन के बाद साढ़े पांच किलो का ट्यूमर निकाला गया है। बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है।

बाराबंकी के सुहासा गांव के रहने वाले सीताराम का बेटा शिवा (3) के पेट में सूजन थी। परिजनों ने पहले नजदीकी डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर से एक साल तक इलाज चला,लेकिन कोई फायदा न हुआ। बच्चे के पेट में लगातार सूजन बढ़ती चली गई। परिजनों ने स्थानीय निजी अस्पताल में दिखाया। वहां पर सीटी स्कैन जांच दौरान पता चला कि बच्चे के दाएं गुर्दे में बडा ट्यूमर है, जो बाएं गुर्दे तक पहुंच गया है। डॉक्टरों ने ऑपरेशन के लिए करीब ढाई लाख का खर्च बताया। परिजन इतनी बड़ी रकम जुटाने में असमर्थता जाहिर किया। अस्पताल निदेशक डॉ. पवन कुमार ने बताया यह एक दुर्लभ बीमारी होती है। दस हजार बच्चों में किसी एक में यह बीमारी होती है।

### डॉक्टरों ने ऑपरेशन का लिया निर्णय

परिजन बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अखिलेश कुमार को दिखाया। डॉक्टर ने जांच के बाद ऑपरेशन का फैसला लिया। इससे पहले बच्चे को एक यूनिट ब्लड भी चढ़ाया गया। डॉ. अखिलेश ने बताया ट्यूमर ने पेट का करीब 70 फीसदी भाग कवर कर लिया था। अस्पताल निदेशक व सीएमएस डॉ. एमबी सिंह ने ऑपरेशन में आने वाला सारा खर्च अस्पताल जरिए वहन किया।

# हत्या के दोषी तीन को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद को लेकर हुई हत्या के दोषी अन्नु द्विवेदी उर्फ शिवम, सुजल सिंह व प्रेम शंकर त्रिवेदी को अपर सत्र न्यायाधीश आशीष कुमार चौरसिया ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने साक्ष्य के अभाव में आरोपी नवीन चन्द्र त्रिवेदी व अनूप त्रिवेदी को बरी कर दिया है।

अदालत में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एम के सिंह ने बताया कि थाना आशियाना में वादी अशोक कुमार शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2005 से 2006 के बीच न्यू सहयोगी सहकारी आवास समिति लखनऊ में औरंगाबाद खालसा की लगभग 12 बीघा जमीन खरीदी गई, जिसमें वादी सचिव पद पर था व निशा द्विवेदी अध्यक्ष, उनके पति नवीन द्विवेदी समिति का काम करते थे। उन्होंने 11 करोड़ लेकर जमीन को यज्ञेश केसरवानी, आनन्द अग्रवाल व नवीन चन्द्र द्विवेदी ने 33 प्रतिशत हिस्सेदारी तय कर दी, तथा वादी को सचिव पद से हटा दिया, नवीन कों आशंका थी कि वादी इस मामले को उच्च अधिकारियों को न बता दें, इस लिए उसे धमकी दी गई, 8 जुलाई 2016 को अन्नू द्विवेदी, मन्नू द्विवेदी, सुजल सिंह ने फायरिंग कर उसके पुत्र सचिन शुक्ला एवं अनुज द्विवेदी को घायल कर दिया था जिसकी रिपोर्ट थाने पर दर्ज कराई थी, 17 अगस्त 2016 को वादी के घर आएं और मुकदमा वापस लेने की धमकी दी, 21 अगस्त 2016 को दो मोटरसाइकिल पर मन्नू द्विवेदी व सुजल , दूसरी मोटरसाइकिल पर अन्नु द्विवेदी व अन्य आए तथा फायरिंग करते हुए भाग गए जिसमें उसके पुत्र सचिन शुक्ला को गोली मारी जिससे उसकी मौत हो गई।

# आंगनबाड़ी में पोषण आहार न मिलने पर किया हंगामा

संवाददाता, काकोरी



आंगनबाड़ी केंद्र में पर पोषण आहार न मिलने का आरोप लगाकर प्रदर्शन करती महिलाएं।

**अमृत विचार:** काकोरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पर पोषण आहार न मिलने का आरोप लगाकर महिलाओं ने हंगामा कर दिया। उन्होंने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को शिकायती पत्र भी भेजा है।

काकोरी के राजाराम टोला की ज्ञानवती रोमा, सपना, प्रेमा रावत, सीता, रीता, मुस्कान, आरती, जूली, नीलम, संगीता आदि ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को पत्र लिखा है। इसमें बताया कि काजीगढ़ी के आंगनबाड़ी का संचालन सुभाषिनी यादव करती हैं। आरोप लगाया कि पोषण आहार की चना दाल एक किलो, दलिया डेढ़ किलो, रिफाइंड का तेल आधा किलो सहित चावल आधा किलो नहीं मिला रहा है। बच्चों के पोषण आहार की दाल, दलिया, तेल का भी गबन किया जा रहा है। महिलाओं ने कार्रवाई की मांग की है। केन्द्र संचालक सुभाषिनी यादव ने कहा कि 18 जनवरी को महिलाओं को राशन वितरण किया गया था। रजिस्टर में उसकी लिखा पड़ी है। पोषण आहार तिमाही बांटा जाता है। मेरी चुनाव में ड्यूटी लगने और सहायिका रेखा रानी को हार्ट में प्रॉबलम होने के कारण मार्च का पोषण आहार नहीं बांटा जा सका है।

# भगवत प्रसंग करने से कष्ट का अनुभव कम हो जाता है : मुक्तिनाथानन्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने अपने प्रवचन में कहा कि हमें हमेशा सकारात्मक सोच रखना चाहिए। अगर किसी को कोई बीमारी होती है तब हम सोचते हैं कि बीमार से अगर हम उसका कष्ट साझा करेंगे तो उसका कष्ट कम हो जाएगा, यह बिल्कुल गलत बात है। बीमारी के बारे में जितना सोचेंगे, जितनी चर्चा करेंगे उतना ही प्रकोप बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि जब हमारे जीवन में बीमारी आती है तब उसकी उपेक्षा करते हुए सदैव भगवत प्रसंग करना चाहिए। ईश्वर आनंद स्वरूप है, ईश्वर के बारे में चर्चा करने से मन आनंद से भरपूर रहेगा और बीमारी के कष्ट का अनुभव नहीं होगा। स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने कहा कि रामकृष्ण के अंतरंग सन्यासी पार्षद स्वामी तुरीयानंद जब बनारस में निवास कर रहे थे। तब उनकी पीठ में कारवांकल नाम का भयानक रोग उत्पन्न हुआ जिससे उनको बहुत कष्ट झेलना पड़ा।

### बच्चों ने आंख में पट्टी बांधकर पहचाने रंग

**अमृत विचार , लखनऊ :** रामचन्द्र मिशन के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरु रामचन्द्र के 125वें जन्मदिवस पर आईआईएम रोड स्थित हार्टफुलनेस सेंटर में सामूहिक ध्यान का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक गुरु को शिष्यों ने गीतों व भजनों के जरिये याद किया। चिल्ड्रेन सेंटर के बच्चों ने मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। ब्राइटर माइंड की प्रस्तुति में बच्चों ने आंख पर पट्टी बांधकर रंगों को पहचानने का करतब दिखाया। सेंटर इंचार्ज शालिनी मेहरोत्रा ने बताया कि गुरु रामचंद्र का जन्मोत्सव पूरे वर्ष 160 देशों में मनाया जायेगा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविद की अध्यक्षता में सेलिब्रेशन समिति का गठन किया गया है।

# कलात्मक वस्तुओं की गवाह बनी राज्य ललित कला अकादमी



प्रदर्शनी में कलाकृतियों का अवलोकन करते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महिला शिक्षा के क्षेत्र में विशेष स्थान रखने वाले राजस्थान के विश्वविद्यालय वनस्थली विद्यापीठ की छात्राओं ने राज्य ललित कला अकादमी की कला वीथिका में अपनी प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं द्वारा विभिन्न विधाओं में सृजित कार्यों का प्रदर्शन कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। वनस्थली विद्यापीठ की कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री के मार्गदर्शन और राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला के सहयोग से हुई प्रदर्शनी में फैशन टेक्सटाइल, कम्युनिकेशन, इंटीरियर आर्किटेक्चर एंड विजुअल आर्ट की छात्राओं के विभिन्न कलात्मक कार्य इस प्रदर्शनी का हिस्सा बने। प्रख्यात फैशन डिजाइनर अस्मा हुसैन ने इस प्रदर्शनी को देखा और सराहा।

# करें 100 फीसद मतदान, तभी होगा समाधान

## लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति और स्टाफ ने अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मतदान महापर्व को सफल बनाने के उद्देश्य से लखनऊ विश्वविद्यालय आगे आया है। सोमवार को कुलपति ने अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। संबद्ध महाविद्यालयों की ओर से भी विविध आयोजन किये गए।

लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अगुवाई में मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में खुन-खुन जी गर्ल्स कॉलेज प्राचार्य और कालीचरण पीजी कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। सभी ने पैदल चलते हुए राहगीरों, दुकानदारों और अन्य आने-जाने वाले लोगों को पम्पलेट देकर मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने चौक चौराहे से होते हुए चौक पोस्ट ऑफिस तक मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली।



जागरूकता रैली निकालते छात्र साथ में लविवि के कुलपति। अमृत विचार

▸▸ **मतदान को लेकर संबद्ध महाविद्यालयों की ओर से भी हुए विविध आयोजन**

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सीतापुर, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली में आयोजन हुआ।

**नारे लगाकर मतदान के गिनाए उद्देश्य :** कालीचरण पीजी कॉलेज के छात्रों ने महाविद्यालय की ओर से गोद ली गई बस्तियों का भ्रमण किया। चुनाव आयोग के फ्लैगशिप कार्यक्रम स्वीप से जुड़े मुख्य उद्देश्य गिनाए गए। पहले जलपान फिर मतदान, हम चले सब, चले एक प्रयास मतदाता जागरूकता के नाम, छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान, लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता है जागरूक मतदाता, लोकतंत्र का करो सम्मान, शत प्रतिशत करो मतदान, अपना अमूल्य वोट देकर, बनें देश के भविष्य मेकर सहित अन्य नारे भी लगाए गए।



केडी सिंह स्टेडियम से मतदाता जागरूकता रैली निकालते किन्नर समाज के लोग ।

### किन्नर समाज ने किया मताधिकार के लिए जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में हजरतगंज की सड़कों पर किन्नर समाज ने लोगों को मतदान की अहमियत बताई और सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा। परिवर्तन चौक के आसपास शाम के समय 50 से अधिक किन्नर वोट डालने को प्रेरित करने वाले नारे लिखे हुए कार्ड लेकर जनसंपर्क करते हुए दिखाई दिए। अपर जिला मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह की मौजूदगी में किन्नर कल्याण बोर्ड की सलाहकार देविका मंगलामुखी, आदिशिव ट्रांसजेंडर फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रियंका सिंह रघुवंशी और सईदा ने लोगों से कहा कि मताधिकार सभी का अधिकार है। इस अधिकार के प्रयोग से हम अपनी मर्जी की सरकार चुन पाते हैं।

# छठे चरण में 123 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए सोमवार को 123 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जबकि बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट से आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र सुल्तानपुर में 13, प्रतापगढ़ में सात, फूलपुर में नौ, इलाहाबाद में नौ, अम्बेडकरनगर में पांच, श्रावस्ती में 10, डुमरियागंज में आठ, बस्ती में छह, संतकबीरनगर में 12, लालगंज में चार, आजमगढ़ में 12, जौनपुर में नौ, मछलीशहर (अजा) में पांच व भदोही में 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 296 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

